# DIGITAL RESOURCE CENTRE (DRC)

# CENTRAL LIBRARY

## PRESS CLIPPINGS

## 1-28 FEBRUARY

## 2023

# CONTENT


| S No | Title | Author | Newspaper | Page No. | Date of Publication |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टूनामेंट: कार्तिक के पंजे से जीता एमपीएस, आकिब का शतक | | हिंदुस्तान | 06 | 28 February |
| 2. | एंटरप्रोन्योर बनने की दी जानकारियां | | हिंदुस्तान | 06 | 28 February |
| 3. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट - 2023' का कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने किया शुभारम्भ | | शाह टाइम्स | 07 | 28 February |
| 4. | आकिब, डेनिस की पारी से एमपीएस का विजयी आगाज | | अमर उजाला | 08 | 28 February |
| 5. | आईएफटीएम में तीन दिवसीय कार्यशाला सफलता पूर्वक समपन्न | | आज समाचार सेवा | 09 | 25 February |
| 6. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सॉफ्ट स्किल्स विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला सफलता पूर्वक संपन्न | | शाह टाइम्स | 10 | 25 February |
| 7. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम नार्थ जौन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए कुरुक्षेत्र रवाना | | विधान केसरी | 11 | 25 February |
| 8. | आईएफटीएम में 27 से अवस्थी प्राइस मनी टूर्नामेंट | | दैनिक जागरण | 12 | 25 February |
| 9. | 'ऐटिटूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट' शीर्षक पर हुआ ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन | | शाह टाइम्स | 13 | 25 February |
| 10. | आईएफटीएम में ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन | | हिंदुस्तान | 14 | 25 February |
| 11. | आईएफटीएम विश्वविद्याल्य की क्रिकेट टीम नार्थ जौं अन्तर यूनिवर्सिटी क्रिकेट | | युग बंधू समाचार | 15 | 25 February |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए कुरुक्षेत्र रवाना** | | | | |
| 12. | **आईएफटीएम विवि में ऑनलाइन वर्कशॉप** | | अमरउजाला | 16 | 25 FEBRUARY |
| 13. | आईएफटीएम विश्वविद्याल्य में एंटरप्रन्योरशिप स्किल 'ऐटिटूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट' शीर्षक पर हुआ ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन | | युगबंधु समाचार | 17 | 25 FEBRUARY |
| 14. | आईएफटीएम में "वैलिडेशन ऑफ़ एंटरप्रन्योरशिप एंड इनोवेशन फॉर करिअर अपॉर्चुनिटी शीर्षक पर हुआ एक ऑनलाइन सत्र का आयोजन | | शाह टाइम्स | 18 | 21 FEBRUARY |
| 15. | आईएफटीएम में "वैलिडेशन ऑफ़ एंटरप्रन्योरशिप एंड इनोवेशन फॉर करिअर अपॉर्चुनिटी शीर्षक पर हुआ एक ऑनलाइन सत्र का आयोजन | | विधान केसरी | 19 | 21 FEBRUARY |
| 16. | कार्यशाला में वाहन चालकों को किया गया जागरूक | | अमरउजाला | 20 | 21 FEBRUARY |
| 17. | आईएफटीएम में वाहन चालकों को कार्यशाला | | हिंदुस्तान | 21 | 21 FEBRUARY |
| 18. | आईएफटीएम में आगरा जनपद के किसानो हेतु आयोजित हुआ एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम | | विधान केसरी | 22 | 16 FEBRUARY |
| 19. | अंतर्जनपदीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत घूमने आए किसान | | अमरउजाला | 23 | 16 FEBRUARY |
| 20. | आईएफटीएमविश्वविद्यालय में वाहन चालकों के लिए आयोजित हुई कार्यशाला | | शाह टाइम्स | 24 | 16 FEBRUARY |
| 21. | आईएफटीएम विश्वविद्यालयमें वाहन चालकों के लिए आयोजित हुई कार्यशाला | | युगबंधु समाचार | 25 | 16 FEBRUARY |
| 22. | आईएफटीएम विश्वविद्यालयमें वाहन चालकों के लिए आयोजित हुई कार्यशाला | | विधान केसरी | 26 | 16 FEBRUARY |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 23. | आईएफटीएम विश्वविद्यालयमें आगरा जनपद के किसानो हेतु आयोजित हुआ एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम | | युगबंधु समाचार | 27 | 16 FEBRUARY |
| 24. | आईएफटीएम में आगरा जनपद के किसानो के लिए आयोजित हुआ एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम | | शाह टाइम्स | 28 | 16 FEBRUARY |
| 25. | आईएफटीएम में आगरा जनपद के किसानो हेतु आयोजित हुआ एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम | | आज समाचार सेवा | 29 | 16 FEBRUARY |
| 26. | आईएफटीएम में कुष्ठ निवारण पर हुआ सेमिनार | | हिंदुस्तान | 30 | 14 FEBRUARY |
| 27. | कुष्ठ रोगिओं से न करें घृणा: डॉ. नवनीत वर्मा | | आज समाचार सेवा | 31 | 14 FEBRUARY |
| 28. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फार्मेसी संकाय की और से कुष्ठ निवारण विषय पर आयोजित हुआ सेमिनार | | युगबंधु समाचार | 31 | 14 FEBRUARY |
| 29. | विश्वविद्यालय में फार्मेसी संकाय ने कराया कुष्ठ निवारण विषय पर सेमिनार | | विधान केसरी | 32 | 14 FEBRUARY |
| 30. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिवार की और से ग्राम धनपुरा , नगला बनवीर एवं गिंदौरा में जरुरत मंदो को बांटे गए कम्बल | | युगबंधु समाचार | 33 | 01 FEBRUARY |
| 31. | आईएफटीएम में गैर सरकारी संस्था 'अभिनव' की और से की गई नवोन्मेषी कार्यक्रम की प्रस्तुति | | आज समाचार सेवा | 34 | 01 FEBRUARY |
| 32. | आईएफटीएम में सड़क सुरक्षा माह मनाएं जाने के अंतर्गत हुआ एक कार्यशाला का आयोजन | | विधान केसरी | 35 | 01 FEBRUARY |
| 33. | आईएफटीएम परिवार की और से ग्राम धनपुरा, नगला बनवीर एवं गिंदौरा में जरुरतमंदो को बांटे गए कम्बल | | विधान केसरी | 36 | 01 FEBRUARY |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 34. | आईएफटीएम में हुई कार्यशाला | | हिंदुस्तान | 37 | 01 FEBRUARY |
| 35. | आईएफटीएम ने बांटे जरुरतमंदो में कम्बल | | हिंदुस्तान | 37 | 01 FEBRUARY |
| 36. | आईएफटीएम में सड़क सुरक्षा माह मनाएं जाने के अंतर्गत हुआ एक कार्यशाला का आयोजन | | शाह टाइम्स | 38 | 01 FEBRUARY |
| 37. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा माह मनाएं जाने के अंतर्गत हुआ एक कार्यशाला का आयोजन | | युग बंधु समाचार | 39 | 01 FEBRUARY |

28 FEBRUARY

हिन्दुस्तान
मुरादाबाद
मंगलवार
28 फरवरी 2023
02

### आईएफटीएम के मैदान पर मुकाबला, एटूआर एकेडमी की टीम सस्ते में सिमटी

# टूर्नामेंट: कार्तिक के पंजे से जीता एमपीएस, आकिब का शतक

मुरादाबाद, मुख्य संवाददाता। अवस्थी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में एमपीएस की टीम ने लंबे अंतर से उद्घाटन मैच जीता। कार्तिक सिद्धू ने शानदार बालिंग का मुजाहिरा करते हुए पांच विकेट झटके तो एमपीएस के लिए आकिब ने 126 रनों की शतकीय पारी खेली। मिर्जा दानिश ने 97 रनों की धुआंधार पारी खेली।



अवस्थी क्रिकेट टूर्नामेंट में उद्घाटन के दौरान मौजूद खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

अवस्थी मेमोरीयल कमेटी और डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आईएफटीएम के मैदान पर प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का आज उद्घाटन हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के चांसलर राजीव कोठिवाल व वाइस चांसलर एमपी पांडे ने किया। एमपीएस ने पहले खेलते हुए 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 341 रनों का पहाड़ खड़ा दिया। आकिब अंसारी ने शतकीय पारी (126) और मिर्जा दानिश आलम ने 97 रन की शानदार पारी खेली। एटूआर एकेडमी की ओर से मोहम्मद अजीम ने 3 विकेट लिए। जवाब में एटूआर की टीम ढह गई। एमपीएस की ओर से कार्तिक सिद्धू ने 5 विकेट झटक कर आधी टीम आउट कर दी। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। गगन विर्क ने 3 विकेट लेकर साथ दिया। सबसे ज्यादा 29 रन्न एटूआर के लिए आकिब ने बनाए। एमपीएस ने 249 रन से मैच जीत लिया। डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि आठ टीमों के बीच मैच होंगे।

इस दौरान कोच बदरूद्दीन सिद्दीक़ी, नितिन गुप्ता, कुशल पाल, वैभव त्रिवेदी, जमाल अहमद, मोहम्मद हसीन, आईपीएल खिलाड़ी मोहसिन खान, रणजी खिलाड़ी शिवम् शर्मा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मोहम्मद अली, जेपी सिंह, सतेंद्र सिंह व शमशाद अल्वी व विनीत कुमार व नितिन सिंह उपस्थित रहे।

## एंटरप्रेन्योर बनने की दी जानकारियां

मुरादाबाद। आईएफटीएम में 'वैलीडेशन ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन फॉर करियर अपॉच्यूर्निटी' शीर्षक पर ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। विवि के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में विवि के इन्क्यूबेशन सेंटर में करीब 12 स्टार्टअप पर काम हो रहा है। सत्र में स्वर्णिम स्टार्ट-अप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात के इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डिपार्टमेंट एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के हेड असिस्टेंट प्रो. जीजू मैथ्यू जॉन बतौर एमीनेंट स्पीकर रहे। जॉन ने एक सफल एंटरप्रेन्योर बनने की महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट-2023' का कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अवस्थी मेमोरियल कमेटी तथा डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन, मुरादाबाद के सहयोग से "अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट 2023" का विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने टॉस उछाल कर शुभारंभ किया। श्री कोठीवाल ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर् उपस्थित कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं। खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी पूरे मनोयोग से खेल की भावना से खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन, मुरादाबाद के ज्वाइंट सेक्रेटरी व टूर्नामेंट के संयोजक श्री बदरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में मुरादाबाद मंडल की 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं।



सोमवार को एमपीएस क्रिकेट एकेडमी तथा एटूआर क्रिकेट एकेडमी के बीच खेले गए 40 ओवर के मैच में एमपीएस क्रिकेट अकैडमी ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 341 रन बनाये। टीम के लिए आकिब अंसारी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 126 व मिर्जा दानिश आलम ने 97 रन बनाये। एटूआर के लिए गेंदबाजी में मोहम्मद अजीम ने 3 व मोहम्मद बिलाल और रोहित ने 2.2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एटूआर की टीम 22.3 ओवर में 92 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए आकिब ने 29 व इंसाफ मलिक ने 18 रन बनाये। गेंदबाजी में एमपीएस के लिए कार्तिक सिद्धू ने 5 व गगन विर्क ने 3 विकेट लिए। इस तरह ये मुकाबला एमपीएस ने 249 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच कार्तिक सिद्धू को चुना गया। मैच के दौरान क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकीए वित्त अधिकारी डॉ0 कुशल पाल सिंह, रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी व टूर्नामेंट के सचिव विजय गुप्ताए आयोजन सचिव व डीजीसी क्रिमनल एडवोकेट नितिन गुप्ता ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अंपायर की भूमिका सतेंद्र सिंह व शमशाद अल्वी ने पूरी की। स्कोरर विनीत कुमार व नितिन सिंह रहे। टूर्नामेंट के आयोजन में आईएफटीएम विश्वविद्यालय के जेपी सिंह एवं कपिल गिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मैच के दौरान जमाल अहमद, मोहम्मद हसीन बादशाह, आईपीएल प्लयेर मोहसिन खान, रणजी ट्रॉफी प्लयेर शिवम् शर्मा, श्री मोहम्मद अली समेत कई शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, खिलाड़ी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अमर उजाला amarujala.com
मुरादाबाद | मंगलवार, 28 फरवरी 2023 7

# आकिब, दानिश की पारी से एमपीएस का विजयी आगाज

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अवस्थी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी



मुरादाबाद। अवस्थी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज सोमवार को आईएफटीएम विवि में हुआ। पहला मैच एमपीएस क्रिकेट एकेडमी व एटूआर एकेडमी गजरौला के बीच हुआ। इसमें एमपीएस ने 249 रन से बड़ी जीत हासिल की।

टूर्नामेंट की शुरूआत आईएफटीएम विवि के चांसलर राजीव कोठीवाल व वाइस चांसलर एमपी पांडे ने की। एमपीएस एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। निर्धारित 40 ओवर में टीम ने 8 विकेट खोकर 341 रन बनाए। इसमें आकिब ने 125 और मिर्जा दानिश ने 97 रन बनाए। एटूआर के लिए गेंदबाजी में मोहम्मद अजीम ने 3, मोहम्मद बिलाल व रोहित ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एटूआर की टीम 22.3 ओवर में 92 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

टीम के लिए आकिब ने 29 व इंसाफ मलिक ने 18 रन बनाए। एमपीएस के लिए कार्तिक सिद्धू ने 5 और गगन ने 3 विकेट लिए। कार्तिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मैच के दौरान डीएसए के सह सचिव नितिन गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, आईएफटीएम के वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल, वैभव त्रिवेदी, जमाल अहमद आदि रहे।

25 FEBRUARY

# आईएफटीएम में तीन दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न

**-आज समाचार सेवा-**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल तथा स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की ओर से बीएड, बीए-बीएड, बी.एससी-बीएड की छात्राओं में कौशल क्षमता को बढ़ाने के लिए ''सॉफ्ट स्किल्स'' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल समापन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला का शुभारम्भ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यशाला की मुख्य ट्रेनर व नांदी फाउंडेशन की सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर सुश्री दीपा महर्षि ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने लिए कड़े संघर्ष के साथ योजनाबद्ध तरीके से निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि वे जीवन में कभी भी निराशा हावी न होने दें व आज के दौर की कठिन प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को तैयार करने का सतत प्रयास करता रहें।। सुश्री महर्षि ने कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को संचार कौशल, जीवन कौशल, साक्षात्कार कौशल, सहयोग कौशल बॉडी लैंग्वेज एवं अपने प्रोफेशन से संबंधित तकनीकी पहलुओं को निरंतर सीखते रहने के गुर भी सिखाए।

श्री बंसल ने बताया कि यह कार्यशाला महिंद्रा प्राइड क्लासरूम (नांदी फाउंडेशन) की ओर से आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी नांदी फाउंडेशन की ओर से कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। साथ ही श्री बंसल ने जानकारी दी कि यह कार्यशाला सभी प्रतिभागियों के लिए बेहद लाभप्रद रही। स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के संयोजक व शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री निकिता यादव ने किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह सहित स्कूल के सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सॉफ्ट स्किल्स विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल तथा स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की ओर से बीएडए बीए, बीएड, बीएससी.बीएड की छात्राओं में कौशल क्षमता को बढ़ाने के लिए सॉफ्ट स्किल्स विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल समापन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला का शुभारम्भ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री केण्केण् बंसल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यशाला की मुख्य ट्रेनर व नांदी फाउंडेशन की सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर सुश्री दीपा महर्षि ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने लिए कड़े संघर्ष के साथ योजनाबद्ध तरीके से निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि वे जीवन में कभी भी



निराशा हावी न होने दें व आज के दौर की कठिन प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को तैयार करने का सतत प्रयास करता रहें।। सुश्री महर्षि ने कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को संचार कौशल, जीवन कौशल, साक्षात्कार कौशलए सहयोग कौशल बॉडी लैंग्वेज एवं अपने प्रोफेशन से संबंधित तकनीकी पहलुओं को निरंतर सीखते रहने के गुर भी सिखाए।श्री बंसल ने बताया कि यह कार्यशाला महिंद्रा प्राइड क्लासरूम नांदी फाउंडेशन की ओर से आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी नांदी फाउंडेशन की ओर से कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। साथ ही श्री बंसल ने जानकारी दी कि यह कार्यशाला सभी प्रतिभागियों के लिए बेहद लाभप्रद रही। स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के संयोजक व शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री निकिता यादव ने किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉण् संजय कुमार सिंह सहित स्कूल के सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए कुरुक्षेत्र रवाना



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता में में हिस्सा लेने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हो गई। टीम के रवाना होने से पूर्व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग और सूझ-बूझ से प्रतियोगिता में हिस्सा लें।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में चहुँमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए खेल सम्बंधी सभी गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी से 4 मार्च तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु विश्वविद्यालय की टीम पूर्णरूप से तैयार है और अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगिता के दौरान डॉ. देश दीपक टीम मैनेजर की भूमिका में टीम के साथ रहेंगे।

इस मौके पर फामेर्सी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. सुशील कुमार समेत कपिल गिल, जे.पी. सिंह, शशांक चौधरी एवं अन्य शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

2 दैनिक जागरण मुरादाबाद, 25 फरवरी, 2023

## आइएफटीएम में 27 से अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी टूर्नामेंट

**मुरादाबाद** : डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट की शुक्रवार को घोषणा कर दी गई। एसोसिएशन के सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि यह टूर्नामेंट 27 फरवरी से पांच मार्च तक इंस्टीट्यूट आफ फारेन ट्रेड एंड मैनेजमेंट (आइएफटीएम) के मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। हर मैच 40 ओवर का खेला जाएगा। जासं

● आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'एंटरप्रेन्योरशिप स्किल

# एटीट्यूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट' शीर्षक पर हुआ ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से एंटरप्रेन्योरशिप स्किलए



एटीट्यूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट शीर्षक पर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कराते रहना अत्यंत आवश्यक बताया। इस वर्कशॉप में खालसा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी, अमृतसर, पंजाब के डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुप्रीत कौर एमीनेंट स्पीकर के रूप में रहीं। डा कौर ने वर्कशॉप के शीर्षक एंटरप्रेन्योरशिप स्किल, एटीट्यूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट पर महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराईं। उन्होंने यह भी कहा कि एक सफल एंटरप्रेन्योर बनने के लिए विद्यार्थियों को क्रिएटिव थिंकिंग और लीडरशिप एटीट्यूड की सोच रखना जरूरी है। आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने एंटरप्रेन्योरशिप और स्टार्ट.अप को विद्यार्थी के जीवन के लिए जरूरी बताया। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 के तहत एमआईसी द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित एक्टिविटीज को हर साल एकेडमिक कैलेंडर में साझा किया जाता है। उन्होंने इस प्रकार की एक्टिविटीज को विद्यार्थियों हेतु अत्यंत लाभकारी बताते हुए यह भी कहा कि इन एक्टिविटीज के साथ. साथ आईआईसी की ओर से इनोवेशन, स्टार्ट.अप और आईपीआर से संबंधित विषयों पर भी विभिन्न एक्टिविटीज आयोजित कराई जाती हैं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में आईआईसी के इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग ने वर्कशॉप की एमिनेंट स्पीकर डॉ. कौर का परिचय प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। अंत में आईआईसी के संयोजक डॉ हरप्रीत सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्कशॉप का सफल संचालन डॉ. नाग द्वारा किया गया। वर्कशॉप के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों समेत कई शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### 27 जनवरी को ब्लाक कार्यलय के सामने बाइक ने मारी थी टक्कर

# उपचार के लिए दिल्ली ले जाते समय युवक ने तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम

**कुंदरकी।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक 28 दिन बाद जिंदगी की जंग मौत से हार गया। नगर के मुहल्ला सादत निवासी मरहूम सबदर हुसैन के तीन बेटे है बड़ा बेटे गुलाम हैदर रिजवी सेलटैक्स विभाग से रिटायर्ड है जबकि उनसे छोटे कायम रजा रिजवी सऊदी में काम करते है तथा उनसे छोटे बेटे विलायत अली रिजवी मुरादाबाद फर्म में काम करते है। कायम रजा रिजवी लगभग तीन महीने सऊदी से छुट्टियों पर अपने गृह नगर आए थे तथा 2 फरवरी को सऊदी जाना था लेकिन 27 फरवरी को कायम रजा रिजवी नगर के राजकीय होमापेथीक अस्पताल से अपनी दवाई लेने गए थे ।दवाई लेकर वापस लौट रहे थे कि ब्लाक कार्यालय के गेट के सामने सड़क क्रास करने के लिए खड़े थे कि अचानक मुरादाबाद की ओर से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे उनके सर व टांग में गम्भीर रूप से घायल हो गए ।टक्कर इतनी जबरदस्त थी तीन जगह से टांग की हड्डियां टूट गई और दिमाग की हड्डियां टूट गई थी जिससे उनके सर में खून जम गया था । घायल अवस्था मे उपचार के लिए नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया लेकिन हालत



गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था ।बताया जा रहा है कि बाइक को नगर के निकवर्ती गांव निवासी इमरान पुत्र आले नबी चला रहा था ।पुलिस ने बाइक अपनी हिरासत में ले ली थी। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने मुरादाबाद स्थित घायल युवक को साई अस्पताल में भर्ती करा दिया था वंहा से शुक्रवार को हालत गंभीर होने पर दिल्ली रेफर कर गया। परिजन दिल्ली स्थित सबदर गंज अस्पताल ले जा रहे थे कि घायल कायम रजा रिजवी ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया ।जिससे उनकी पत्नी शाबाना , पुत्र बिलाल, रेहान, पुत्री यमन, अबिहा व अन्य परिजनों का रोते रोते बुराहाल हो गया।

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, शनिवार, 25 फरवरी 2023 06

# आईएफटीईएम में ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन

मुरादाबाद। आईएफटीईएम में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से 'एंटरप्रेन्योरशिप स्किल, एटीट्यूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट' पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान आईआईसी के इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग आदि रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए कुरुक्षेत्र रवाना

**युग बन्धु समाचार**



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता में में हिस्सा लेने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हो गई। टीम के रवाना होने से पूर्व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग और सूझ-बूझ से प्रतियोगिता में हिस्सा लें। इस अवसर पर कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में चहुँमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए खेल सम्बंधी सभी गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी से 4 मार्च तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु विश्वविद्यालय की टीम पूर्णरूप से तैयार है और अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगिता के दौरान डॉ. देश दीपक टीम मैनेजर की भूमिका में टीम के साथ रहेंगे। इस मौके पर फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. सुशील कुमार समेत कपिल गिल, जे.पी. सिंह, शशांक चैधरी एवं अन्य शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमर उजाला

मुरादाबाद | शनिवार, 25 फरवरी 2023

9

# आईएफटीएम विवि में ऑनलाइन वर्कशॉप



**मुरादाबाद (वि)।** आईएफटीएम विवि में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से शुक्रवार को एंटरप्रेन्योरशिप स्किल एट्टीट्यूट एंड बिहेवियर डेवलपमेंट विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि इस तरह का आयोजन निरंतर अंतराल पर जरूरी है। वर्कशॉप में खालसा कॉलेज, अमृतसर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुप्रीत कौर ने कहा कि सफल उद्यमी बनने के लिए क्रिएटिव थिंकिंग और लीडरशिप एट्टीट्यूट की सोच जरूरी है। आआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने एंटरप्रेन्योरशिप और स्टार्टअप पर उपयोगी विचार रखे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में

# एंटरप्रेन्योरशिप स्किल, एटीट्यूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट शीर्षक पर हुआ ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन



डॉ. सुप्रीत कौर

युग बन्धु समाचार

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से एंटरप्रेन्योरशिप स्किल, एटीट्यूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट शीर्षक पर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कराते रहना अत्यंत आवश्यक बताया। इस वर्कशॉप में खालसा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी, अमृतसर, पंजाब के डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुप्रीत कौर एमीनेंट स्पीकर के रूप में रहीं। डॉ. कौर ने वर्कशॉप के शीर्षक एंटरप्रेन्योरशिप स्किल, एटीट्यूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट पर महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराईं। उन्होंने यह भी कहा कि एक सफल एंटरप्रेन्योर बनने के लिए विद्यार्थियों को क्रिएटिव थिंकिंग और लीडरशिप एटीट्यूड की सोच रखना जरूरी है। आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने एंटरप्रेन्योरशिप और स्टार्ट-अप को विद्यार्थी के जीवन के लिए जरूरी बताया। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार की ह्यनई शिक्षा नीति 2020 के तहत एमआईसी द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित एक्टिविटीज को हर साल एकेडमिक कैलेंडर में साझा किया जाता है। उन्होंने इस प्रकार की एक्टिविटीज को विद्यार्थियों हेतु अत्यंत लाभकारी बताते हुए यह भी कहा कि इन एक्टिविटीज के साथ-साथ आईआईसी की ओर से इनोवेशन, स्टार्ट-अप और आईपीआर से संबंधित विषयों पर भी विभिन्न एक्टिविटीज आयोजित कराई जाती हैं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में आईआईसी के इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग ने वर्कशॉप की एमिनेंट स्पीकर डॉ. कौर का परिचय प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया।

अंत में आईआईसी के संयोजक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्कशॉप का सफल संचालन डॉ. नाग द्वारा किया गया। वर्कशॉप के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों समेत कई शिक्षक भी उपस्थित रहे।

21 FEBRUARY

# आईएफटीईएम में 'वैलीडेशन ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन फॉर करियर अपॉर्चुनिटी' शीर्षक पर हुआ एक ऑनलाइन सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी)



की ओर से "वैलीडेशन ऑफ एंटर प्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन फॉर करियर अपॉर्चुनिटी" शीर्षक पर एक ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए बताया कि वर्तमान में हमारे विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में चल रहे करीब बारह स्टार्ट.अप पर काम जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सत्र जैसे कार्यक्रम निश्चित ही विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक साबित होंगे। इस सत्र में स्वर्णिम स्टार्ट.अप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात के इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डिपार्टमेंट एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के हेड असिस्टेंट प्रोफेसर श्री जीजू मैथ्यू जॉन बतौर एमीनेंट स्पीकर रहे। अपने वक्तव्य में श्री जॉन ने एक सफल एंटरप्रेन्योर बनने हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने के साथ ही इनोवेशन या स्टार्ट.अप को वैलिडेट कराने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि एंटरप्रेन्योरशिप और स्टार्ट.अप के सम्बन्ध में अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के विद्यार्थियों व उनके करियर के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि आईआईसी की ओर से हर सत्र में इनोवेशनए स्टार्ट.अप और आईपीआर से संबंधित विषयों पर विभिन्न एक्टिविटीज का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में आईआईसी के इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग ने इस सत्र के एमिनेंट स्पीकर जीजू मैथ्यू जॉन का परिचय प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। वर्कशॉप का सफल संचालन डा. नाग द्वारा किया गया। अंत में आईआईसी के संयोजक डा. हरप्रीत सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्कशॉप के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों समेत कई शिक्षक भी

## जनपद में 24 अप्रैल तक धारा 144 लागू

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद की संवेदनशीलता तथा जनपद में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं एवं अन्य विभिन्न परीक्षाओं व निकट भविष्य में मनाये जाने वाले पर्व होली, शवे बरात, रामनवमीं, महावीर जयंती, गुड फ्राईडे, डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मदिवस, जमा.तुल.विदा (अलविदा) रमजान का अन्तिम शुक्रवार, ईद.उल फितर के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट जनपद मुरादाबाद श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अपनी पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अर्न्तगत निषेधाज्ञा जारी की है जो दिनांक 24 अप्रैल 2023 तक जनपद मुरादाबाद में लागू रहेगी।

# आईएफटीएम में वैलीडेशन ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन फॉर करियर अपॉर्चुनिटी शीर्षक पर हुआ ऑनलाइन सत्र का आयोजन

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से वैलीडेशन ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन फॉर करियर अपॉर्चुनिटी शीर्षक पर एक ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए बताया कि वर्तमान में हमारे विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में चल रहे करीब बारह स्टार्ट-अप पर काम जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सत्र जैसे कार्यक्रम निश्चित ही विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक साबित होंगे। इस सत्र में स्वर्णिम स्टार्ट-अप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात के इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डिपार्टमेंट एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के हेड असिस्टेंट प्रोफेसर श्री जीजू मैथ्यू जॉन बतौर एमीनेंट स्पीकर रहे। अपने वक्तव्य में श्री जॉन ने एक सफल एंटरप्रेन्योर बनने हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने के साथ ही इनोवेशन या स्टार्ट-अप को वैलिडेट कराने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि एंटरप्रेन्योरशिप और स्टार्ट-अप के सम्बन्ध में अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के विद्यार्थियों व उनके करियर के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि आईआईसी की ओर से हर सत्र में इनोवेशन, स्टार्ट-अप और आईपीआर से संबंधित विषयों पर विभिन्न एक्टिविटीज का आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में आईआईसी के इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग ने इस सत्र के एमिनेंट स्पीकर श्री जीजू मैथ्यू जॉन का परिचय



प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। वर्कशॉप का सफल संचालन डॉ. नाग द्वारा किया गया। अंत में आईआईसी के संयोजक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्कशॉप के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों समेत कई शिक्षक भी उपस्थित रहे।

अमर उजाला

मुरादाबाद | मंगलवार, 21 फरवरी 2023 4

# कार्यशाला में वाहन चालकों को किया गया जागरूक

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला में वाहन चालकों को जागरूक किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं प्रबंधक, कॉर्पोरेट पार्टनर्शिप यूनाइटेड वे मुम्बई (स्वैच्छिक संस्था) द्वारा महिंद्रा फाइनेंस के सहयोग से हुई कार्यशाला में कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। ट्रेनर-फाइनेंसियल प्लानिंग प्रोग्राम प्रोजेक्ट शैलेन्द्र कुमार ने वाहन चालकों को आर्थिक साक्षरता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, आय, सार्वजनिक सुरक्षा आदि विषयों पर जानकारी दी। स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बीके सिंह ने वाहन चालकों को वित्तीय साक्षरता एवं व्यक्तिगत प्रबन्धन कौशल के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. रमेश पाल, शिव रविन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, फिरासत अली, राहुल चड्ढा का विशेष योगदान रहा।

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, मंगलवार, 21 फरवरी 2023 04

# आईएफटीएम में वाहन चालकों को कार्यशाला

मुरादाबाद। आईएफटीएम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं प्रबंधक, कॉर्पोरेट पार्टनर्शिप यूनाइटेड वे मुंबई द्वारा वाहन चालकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आए ट्रेनर-फाइनेंसियल प्लानिंग प्रोग्राम प्रोजेक्ट शैलेंद्र कुमार ने सभी वाहन चालकों को आर्थिक साक्षरता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, आय आदि विषयों पर प्रकाश डाला।

16 FEBRUARY

# आईएफटीएम में आगरा जनपद के किसानों हेतु आयोजित हुआ एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम




**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंस एण्ड इंजीनियरिंग की ओर से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एग्रीकल्चर टैक्नोलॉजी मैनेजमैंट एजेंसी (आत्मा) योजना के अंतर्गत आगरा से आए हुए किसानों के लिए एक दिवसीय अंर्तजनपदीय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय ने उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत समीपस्थ 5 गांव पूर्व से गोद लिए हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा ग्रामवासियों के सर्वांगींण विकास हेतु इन गांवों में अनेक कार्यक्रमों जैसे कि ग्रामवासियों को उन्नत प्रजातियों के बीजों का वितरण, नारी स्वावलंबन केंद्रों की स्थापना तथा किसान गोष्ठी एवं किसान मेले आदि का आयोजन कराना शामिल हैं। इस दौरान किसानों ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्रों का भ्रमण किया व अनुसंधान प्रक्षेत्रों पर चल रहे अनुसंधान कार्यों की प्रशंसा की। स्कूल के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने आगंतुक किसानों का स्वागत किया तथा उन्हें विभिन्न अनुसंधान प्रक्षेत्रों पर किए जा रहे अनुसंधान कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने किसानों को विश्वविद्यालय परिसर स्थित गोबर गैस संयंत्र, केंचुआ खाद उत्पादन इकाई, मशरूम उत्पादन इकाई, मधुमक्खी पालन एवं दुग्धशाला का भ्रमण कराया। अंत में डॉ. पाल ने आगंतुक किसानों के प्रति आभार प्रकट किया। इस एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर श्री अभय सैनी ने तकनीकी सहयोग किया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान स्कूल के फैकल्टी मैम्बर्स में डॉ. सत्यभान सिंह, डॉ. यशपाल सिंह एवं डॉ. कृष्ण पाल आदि उपस्थित रहे।

अमर उजाला
मुरादाबाद | बृहस्पतिवार, 16 फरवरी 2023 5

# अंतरजनपदीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत घूमने आए किसान

